




नवभारत इंदौर, सोमवार 14 जुलाई 2025



## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का प्रस्तावित दौरा पंच, सरपंच व अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक



**सेंधवा।** 15 जुलाई को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का प्रस्तावित दौरा सेंधवा का बन रहा है। वे गोई नदी या डेब नदी के उदगम स्थल का पूजन के बाद वे जनपद पंचायत के पंच, सरपंच व अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। उक्त जानकारी भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने दी। अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सेंधवा आ सकते हैं वे सेंधवा विधान सभा क्षेत्र में बहने वाली गोई नदी के उदगम स्थल ग्राम पंचायत धावड़ा (च) या डेब नदी के उदगम स्थल पाड़छा में कोई एक नदी के उदगम स्थल पर पूजन करेंगे। इस हेतु जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी काजल जावला के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास आर्य ने दोनों स्थल का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान धनोरा मंडल अध्यक्ष शोभाराम तरोल, गणेश मालवीय, गणेश राठौड़ व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे। नदी उदगम स्थल के दोनों में से किसी एक स्थल का चयन होकर कोई एक नदी के उदगम स्थल पर कार्यक्रम किया जाएगा। इसके पश्चात मंत्रीजी पंच सरपंच व जनपद प्रतिनिधि के साथ अधिकारियों की बैठक भी लेंगे।

# अजजा आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

### अंतरसिंह आर्य ने निरीक्षण कर सुविधाओं के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, दोनों विद्यालय में लगाए पौधे

**सेंधवा, (नवभारत)।**

सीएम राइस स्कूल (संदीपनी विद्यालय) एक माह में नए भवन में शिफ्ट हो सकती है। निर्माण एजेंसी ने अनुसूचित जनजाति आयोग राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य के निर्माणाधीन विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बताई। वहीं आर्य ने स्कूल के मध्य खुले स्थल पर डोम बनाने के प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश प्राचार्य को दिए। आर्य ने एकलव्य आवासीय विद्यालय का भी किया निरीक्षण।



भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने बताया कि रविवार को अनुसूचित जनजाति आयोग राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य ने निरीक्षण कर सुविधाओं के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर एक पेड़ मां के नाम से दोनों विद्यालय में लगाए। आर्य 11 बजे संदीपनी विद्यालय के कंपाउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल बिल्डिंग के चारों ओर भवन निर्मित होकर मध्य में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रम के लिए ओटला बनाकर खुला स्पेश छोड़ा गया। उस स्पेश के ऊपर डोम बनाने हेतु मप्र शासन को लिखने के साथ ही खेल के मैदान व रोड व शहर थाने की पुलिया के लिए इसका स्टीमेट बनाकर शासन को भेजने के साथ एक प्रति मुझे देने को कहा गया, ताकि भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से इसकी स्वीकृति लेंगे। आर्य ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह बड़ी सौगात है अब विधानसभा क्षेत्र में 5 नए सीएम राइस स्कूल (संदीपनी विद्यालय) की स्वीकृति मिल गई है जिसके अंतर्गत सेंधवा, झोपाली, वरला, बलवाड़ी व धवली में संदीपनी विद्यालय खोले जाएंगे। चाचरिया, धनोरा के लिए भी मांग की गई है।

इसके बाद आर्य एकलव्य आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। पहाड़ी पर बने विद्यालय पहाड़ी पर बना होने से आकर्षक होकर मनमोहक स्थल बन गया है। पहाड़ी क्षेत्र होने से डालना वाली जगह पर बागुल के पेड़ देख कर आर्य ने कहा कि यह पेड़ कच्चा होकर इसकी उम्र ज्यादा नहीं होती इसके स्थान पर निम के पौधे रोप यह पर्यावरण के लिए तो उत्तम है साथ ही कटाव भी रोक कर रखेगा। विद्यालय पहुंच मार्ग कच्चा होकर विद्यालय में जाने हेतु सीमेंट कंक्रीट रोड के संबंध में प्राचार्य अजीत कुमार ने बताया कि रोड की मंजूरी प्राप्त हो गई है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा। इस दौरान बच्चों से संवाद करते हुए आर्य ने बच्चों से कहा राम-राम यह हमारी पहचान है। आपने पूछा कि यह स्कूल किसने बनाया तो बच्चों ने कहा कि अंतरसिंह दादा ने बनाया। आपने बच्चों से कहा कि मोबाइल का उपयोग नहीं करे यह बहुत बुरी लत है। आप तो सिर्फ पढ़ाई में ध्यान देवे। कुछ लोग आदिवासियों का धर्म बिगड़ने में लगे है। कुछ लोग संगठन बना कर मूर्ति पूजा देवी देवता की पूजा को रोक रहा हैं वह गलत है यह हमारे धर्म से भटका रहे है। जब में विधायक बना तो मैने यह सर्वे किया कि क्षेत्र में किन किन बातों की आवश्यकता है तो हॉस्पिटल, आश्रम, स्कूल पानी, रोड की आवश्यकता है फिर मैने इस पर काम करना शुरू किया। मैने क्षेत्र में विधायक रहूं या नहीं रहूं पर में जनता के बहुत काम किए। इसे देख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे दिल्ली ने बुला कर अजजा आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। मेरी नियुक्ति राष्ट्रपति ने की है। एकलव्य आवासीय विद्यालय सर्व सुविधा युक्त आवासीय विद्यालय केंद्र सरकार की योजना होकर यहां पर पढ़ाने वाले शिक्षक कई राज्यों से आकर आपको पड़ा रहे हैं। आदिवासी बच्चों के चेहरे पर खुशी होना चाहिए। गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु प्रधानमंत्री सड़क योजना से काम कर रही। मैने सरकार से गांव में फलिया से फलिया जाने हेतु सड़क बनने की बात की अब उसकी तैयारी हो चुकी है। हमारे क्षेत्र में 250 से अधिक मार्गो का सर्वे हो चुका है। इस दौरान कक्षा 10 में हितेश जादव, फुगा वर्डे, शीतल जाधव, गरिमा मेहता को अच्छे अंक आने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

**प्राचार्य को दिए निर्देश**

- प्रस्ताव शासन को भेजने के प्राचार्य को निर्देश दिए।
- 5 नए सीएम राइस स्कूलों की स्वीकृति मिल गई है।

# ग्राम बेहड़िया पहुंचे विधायक बर्डे

**पानसेमल, (नवभारत)।** विधायक श्याम बरडे रविवार प्रवास के दौरान खेतिया मंडल के ग्राम बेहड़िया पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने शाल, श्रीफल और पुष्पहार से उनका स्वागत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता बसंत पाटील के निवास पर उन्होंने कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्रामीणों से हाल भी जाना। विधायक ने बेहड़िया सहित जनपद क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की एवं जनप्रतिनिधियों से सीधी चर्चा कर सुझाव लिए।



विधायक बरडे ने कहा कि मैं हमेशा आपकी पंचायत और आपके क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। जनता के सुख-दुख में सदैव सहभागी रहुंगा और भाजपा के संगठन के माध्यम से जनहित में कार्य करता रहुंगा। साथ ही आश्वस्त किया कि क्षेत्र में अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा और जो योजनाएं स्वीकृत हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण किया जाएगा। उपस्थितजनों ने विधायक के कार्यों की सराहना करते हुए आभार जताया। इस दौरान कोशिक बापु पटेल, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सोनिस, प्रकाश जोशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अजय निकुम, बसंत अन्ना पाटील, शिवाजी पाटील, कान्तीलाल सूर्यवंशी, राजेन्द्र पाटील, आनंद पाटील, भास्कर पाटील, दिनेश पाटील, दगा पाटील, बंशी नाना पाटील, दशरथ पाटील, ग्राम पंचायत सचिव, खंडेराव पाटील, गणेश पाटील उपस्थित रहे।

## गड्ढे बने परेशानी



**निवाली।** नगर के मंदिर चौक स्थित सब्जी मंडी में पानी निकासी नहीं होने से बारिश का पानी जमा हो रहा है। जिससे लोगों को काफी समस्या हो रही हैं। बाहर से आ रहे सब्जी व भाजी की दुकानदार पानी भरे हुए गड्ढों में ही दुकानें लगाने को मजबूर है। दुकानदारों व आसपास के घरों के सामने भी बारिश का पानी इक्कठा हो जाता है। जिससे रहवासी भी परेशान हैं। प्रशासन को इस ओर जल्द से जल्द ध्यान देकर उक्त समस्या का समाधान करना चाहिए।

**एक नजर में** — नगर के वार्ड 1 में नगर परिषद के प्रयासों से लगाए नल, वार्डवासियों ने जताया आभार

# पेयजल की 30 वर्ष पुरानी समस्या का निराकरण

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल 14 जुलाई.** नगर परिषद के वार्ड 1 खांडसारी मोहल्ले में लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई थी। जिसके बाद नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों से वार्ड में नल लगाए गए।



**वार्डवासियों ने जाहिर की खुशी**

घर के बाहर नल लगने के बाद वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि अब उन्हें पानी भरने की समस्या नहीं होगी। परिषद एवं जनप्रतिनिधियों ने वार्डवासियों के लिए अच्छा कार्य किया, जिसके लिए उन्होंने नप अध्यक्ष शैलेश भंडारकर एवं सहयोगियों का आभार जताया है।

**कई बार नप के लगाए चक्कर**

वार्ड के निवासी कैलाश चौहान और सीमा चौहान ने बताया कि वे लगभग 30 वर्षों से वार्ड में नल लगाए जाने की मांग कर रहे थे, लेकीन उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पाया था। नल लगाने के लिए वे नगर परिषद में कई बार आवेदन देकर चक्कर लगा चुके थे, लेकिन कोई न कोई बहाना बनाकर टाल दिया जाता था।

अब उनकी समस्या का निराकरण हो गया है। नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर ने बताया कि लंबे समय से परेशान हो रहे वार्डवासियों की समस्या का निराकरण हुआ। वार्ड 1 पार्षद रोहित ठाकुर एवं जल प्रदाय सभापति विक्की सिरसाठ के प्रयासों से यह कार्य हुआ है। जल प्रदाय समिति प्रमुख देवानंद खेरे, कांतिलाल वास्कले व अन्य कर्मचारियों के सहयोग से नल लगाए हैं। आगे भी नगरवासियों की समस्या के निराकरण के लिए प्रयास किया जाएगा।

**यह रहे उपस्थित**

इस दौरान उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

**एक नजर में**

## ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर धराए

इंदौर .क्राइम ब्रांच की टीम ने पेपर ट्रेड लिंक के पास पोलोग्राउंड क्षेत्र में दबिश देकर दो युवकों को ब्राउन शुगर के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से 15.35 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है. एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में 23 वर्षीय नीरज गोस्वामी निवासी राज नगर और 25 वर्षीय मनीष बजाजनिवासी नगिन नगर शामिल हैं. पूछताछ में दोनों ने कबूला कि वे खुद भी नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए सस्ते दामों पर ब्राउन शुगर खरीदकर शहर में ऊंचे दामों पर नशे के लती लोगों को बेचते थे. एडीसीपी का कहना है कि गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को घेरा. तलाशी लेने पर उनके पास से नशे की खेप के अलावा दो मोबाइल और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की. दोनों के खिलाफ थाना अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर कर पुछताछ की जा रही है.





## बढ़ती जनसंख्या समस्या ही नहीं ताकत भी



**महू.** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को केवल समस्या के रूप में ना देखा जाए अपितु इसे मानव संसाधन के रूप में समझा जाए. महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के उचित उपाय किए जाना चाहिए एवं भारत की जनसंख्या को भीड़ के रूप में ना समझते हुए उसे भारत की ताकत बनाया जाना चाहिए. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ.अर्चना अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत दुनिया में सबसेअधिक जनसंख्या वाले देश में से एक है,जो उसकी ताकत भी है,अत: इस जनसंख्या को कार्यशील जनसंख्या में बदलना चाहिए. कार्यक्रम की रूपरेखा महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. शैलेंद्र पिपरिया के मार्गदर्शन में बनाई गई. इस कार्यक्रम में मेजर डॉ कृष्ण भूरिया,डॉ मनोज नागर, डॉ. जगदीश कन्नौजे,डॉ कुसुम राय उपस्थित रहे. संचालन स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की सह-प्रभारी डॉ मंजुला निगवाल ने किया. आभार डॉ. स्नेहलता सिंह ने माना.

## गरीबों के राशन वितरण पर गड़बड़ी।

**महू.** शा.उ.मूल्य की दुकान चोरल डेम पर संचालक अनिल यादव पिछले कई महीनों से पात्र हितग्रहाइयों को राशन वितरण नहीं कर रहा है. सप्ताह में मात्र दो ही दिन राशन दुकान खुलती है जिससे ग्रामीणों को राशन नहीं मिल पाने से परेशानी होती है. ग्रामीणों ने दुकान पर संचालक से अपने हक पात्रता के हिसाब से गेहूं की माँग की. संचालक ने गेहूं देने से इंकार कर दिया. देखने पर पता चला कि राशन की दुकान पर जो गेहूं का स्टाक आया था वह दुकान पर नहीं मिला. हंगामा होने पर स्थानीय लोगों को यादव द्वारा आश्वासन दिया गया कि आप लोगों के हक अधिकार का गेहूं में कहीं से भी लाकर दूंगा. ग्रामीणों के पास अलग अलग चिठिया है जिन पर यादव द्वारा लिखा गया है किसी को अप्रैल माह के 35किलो गेहूं देना है किसी को 25किलो देना है. इस प्रकार से कई लोगो के पास दो से तीन चिठिया है, जिससे प्रतीत होता है कि इन लोगों को 02 से 04, माह तक का राशन नहीं मिला है. इसकी शिकायत ग्रामीणों दुवारा एसडीएम महू को की गई जिसकी जाँच खाद्य अधिकारी द्वारा की गई, जिसमें भारी अनियमितता पाई गई व हिदायत दी गई की तीन दिनों में कहीं से भी राशन लाकर उपभोक्ताओं को वितरण करें. अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# अवैध पटाखा फैक्ट्री पर पुलिस का छापा

- चार लाख का विस्फोटक माल जब्त




**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. सांवेर क्षेत्र के ग्राम थीराखेड़ी कांकड़ में अवैध रूप से संचालित एक पटाखा फैक्ट्री पर सांवेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की है. मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज जांच कि जा रही है.**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम थीराखेड़ी कांकड़ में पप्पू डाबी के खेत पर बने मकान में अवैध रूप से सुतली बम बनाए जा रहे हैं. सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम ने दबिश दी. तलाशी के दौरान कमरे में प्लास्टिक की 12 बोरियां मिलीं, जिनमें करीब 360 किलो सुतली बम भरे हुए थे. इसके अलावा, निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री एल्यूमिनियम पाउडर, सल्फर पाउडर, प्लास्टिक टब, ट्रे, छलनी, चाकू, लोहे की तराजू आदि भी बरामद की गई. जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग चार लाख रुपए आंकी गई है. पुलिस ने मौके से आरोपी रमेश पिता माधु सिंह, निवासी समाजवाद नगर इंदौर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना क्षेत्र में अवैध पटाखा निर्माण की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही थी. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हितिका वासल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महू रूपेश द्विवेदी और एसडीओपी सांवेर प्रशांत भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गिरीजा शंकर महोबिया के नेतृत्व में कार्रवाई की गई.

# फैक्ट्री और कचरा प्लांट में लगी आग

- घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू
- सांवेर रोड और बिचौली हप्सी में हुई घटनाएं




**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** शहर के दो अलग-अलग इलाकों में देर रात और सुबह आगजनी की दो घटनाएं सामने आई. पहली घटना सांवेर रोड क्षेत्र के ग्राम सिरौंदा स्थित एक दरवाजे बनाने वाली फैक्ट्री में रात करीब 1 बजे हुई, जबकि दूसरी घटना सुबह बिचौली हप्सी स्थित नगर निगम के ग्रीन बेल्ट कचरा प्लांट में हुई. दोनों ही जगह दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी और एक लाख लीटर से आग पर काबू पाया.

धरमपुरी के पास सिरौंदा गांव में स्थित फैक्ट्री में उस समय आग लगी जब कर्मचारी परिसर से बाहर थे. बताया जा रहा है कि वहां कोल्ड स्टोरेज के लिए विशेष दरवाजे बनाए जाते थे. आग इतनी भीषण थी कि संकरी गली और कच्चे रास्ते के कारण दमकल की गाड़ियां सीधे मौके तक नहीं पहुंच सकीं. फायर कर्मियों ने नाले के पास बनी दीवार पर चढ़कर पानी की बौछार की. सुबह तक आग बुझाने का प्रयास चलता रहा और करीब 1 लाख लीटर पानी का उपयोग किया. आग से भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है. हालांकि आग लगने के कारणों का पता फिलहाल नहीं चल सका है. इसी तरह दूसरी घटना नगर निगम के ग्रीन बेल्ट कचरा प्लांट की है, जो बिचौली हप्सी क्षेत्र में स्थित है. यहां शहरभर से पेड़-पौधों की छंटाई के बाद निकले कचरे को लाकर डंप किया जाता है. सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे बड़ी मात्रा में सूखा कचरा जल गया. फायर ब्रिगेड के एएसआई बलजीतसिंह ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए करीब 80 हजार लीटर पानी का उपयोग किया. निगम अधिकारियों ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

# वायरल वीडियो में अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी पकड़ाया

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक आपत्तिजनक वीडियो को लेकर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए खजराना में रहने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.** डी-कंपनी से संबंध होने का दावा कर एक वरिष्ठ राजनीतिक हस्ती के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग करने वाले इस युवक को सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम ने वायरल होने से पहले ही चिन्हित कर लिया था. बाद में खजराना और लसुड़िया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उसे गिरफ्तार कर लिया.



डीसीपी जोन-2 हंसराज सिंह के मार्गदर्शन में एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह और एसीपी कुंदन मंडलोई के निर्देशन में थाना प्रभारी खजराना मनोज सिंह सेंधव ने एक कार्ययोजना तैयार की थी. इसका उद्देश्य था सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा, भड़काऊ बयानबाजी और अवैधानिक गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई. इस क्रम में लगातार निगरानी के दौरान एक वीडियो सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति खुद को डी-कंपनी से जुड़ा बताते हुए एक वरिष्ठ राजनीतिक व्यक्ति के खिलाफ अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करता नजर आया. वीडियो की तकनीकी जानकारी के बाद आरोपी की पहचान रहमत पटेल निवासी गोया रोड, खजराना के रूप में हुई थी.

## सिखवाल ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा

**इंदौर.** श्री श्रृंग ऋषि गुरु महाराज की शोभायात्रा निकाली गई. श्री पाँच पट्टी सिखवाल समाज पारमार्थिक एवं शैक्षणिक ट्रस्ट व प्रबंध कार्यकारणी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें गुरु पूर्णिमा के दिन सुबह सत्यनारायण मंदिर पर गुरु महाराज की मूर्ति का अभिषेक और पूजन यज्ञ हुआ. शाम को गुरु महाराज की शोभायात्रा निकल गई जिसमें गुरु महाराज को भव्य रथ पर विराजमान किया गया था. आगे बालिकाएं गरबा करती हुई चल रही थीं. महिला मंडल और पुरुष भजन मंडल गुरु महाराज की सुंदर भजनों की प्रस्तुति देते हुए चल रही थी. शोभायात्रा विभिन्न मार्ग से होती हुई समाज की धर्मशाला पहुंची जहां समापन हुआ. इस अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन हुआ. गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीबन 150 लोगों की जांच हुई और 30 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन हुआ.

# जानापाव में ब्रह्म संसद का आयोजन 20 को

**महू.** ब्रह्मतीर्थ जानापाव में 20 जुलाई को प्रदेश भर के ब्राह्मणों का वृहद स्तर पर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के बैनर तले आयोजित होने वाले इस आयोजन में प्रदेश स्तर से करीब पांच हजार ब्राह्मण जनों के आने की संभावना है. अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं सुरेंद्र चतुर्वेदी, पूर्व अपर आयुक्त पं आदित्य नागर, सर्व ब्राह्मण समाज महू के अध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा परमहंस बापू यशचंद्रमोली महाराज (देवास) के सान्निध्य में ब्रह्मतीर्थ जानापाव पहुंचे. आयोजन स्थल एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही महंत हीरानंद ब्रह्मचारी के साथ आयोजन का उद्देश्य एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला. पं सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि आयोजन में ब्राह्मण समाज के समस्त संगठनों को एक जाजम पर लाकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा निर्णय लिए जाएंग.

**नवाचार** — जीआरपी इंदौर से ई-एचआरएम प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू

# अब एक क्लिक पर दिखेगी पुलिसकर्मियों की सर्विस बुक

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. मध्यप्रदेश पुलिस अब तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है. मानव संसाधन प्रबंधन को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में ई-एचआरएम यानि कि इलेक्ट्रॉनिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रणाली की शुरुआत जीआरपी इंदौर से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कर दी गई है.** इस ऐतिहासिक पहल के जरिए पुलिसकर्मियों की सेवा पुस्तिका सहित सभी व्यक्तिगत व प्रशासनिक विवरण अब एक क्लिक पर उपलब्ध होंगे. इस नवाचार को जीआरपी इंदौर में सबसे पहले लागू करने का निर्णय पुलिस मुख्यालय द्वारा संस्थान की कार्यक्षमता, तकनीकी दक्षता और नवाचार के प्रति तत्परता को देखते हुए लिया. पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कोरी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सत्र के माध्यम से हुआ. इस तकनीकी सत्र का संचालन गृह विभाग, म.प्र. शासन के तकनीकी सलाहकार विनीत तिवारी द्वारा किया जिन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को ई-एचआरएम के उपयोग, कार्यप्रणाली और लाभों की विस्तार से जानकारी दी. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल मनीषा पाठक सोनी, एडिशनल डीसीपी सीमा अलावा, डीएसपी रेल ज्योति शर्मा सहित जीआरपी इंदौर के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे.



**ई-एचआरएम प्रणाली के प्रमुख लाभ**

पुलिसकर्मियों की सेवा पुस्तिका, पदोन्नति, स्थानांतरण, वेतन, प्रशिक्षण, छुट्टी और अनुशासनात्मक जानकारी डिजिटल रूप में एक ही प्लेटफॉर्म पर, सभी डेटा ऑनलाइन, सुरक्षित व अद्यतन, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी, प्रशासनिक कार्यप्रणाली में गति, सटीकता और दक्षता का समावेश, ई-एचआरएम न केवल कर्मचारियों के रिकॉर्ड को डिजिटल करता है, बल्कि दस्तावेजीय बोझ, फाइलों की तलाश और समय की बर्बादी को खत्म करता है, यह प्रणाली भर्ती से सेवानिवृत्ति तक के पूरे सेवा चक्र को एकीकृत रूप से संजोए रखती है, पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इसे प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों में लागू किया, यह पहल मध्यप्रदेश पुलिस को एक स्मार्ट, पारदर्शी और डिजिटल प्रशासनिक मॉडल की ओर अग्रसर करने में मील का पत्थर साबित होगी, जीआरपी इंदौर को इस पायलट की जिम्मेदारी मिलना, विभागीय नवाचार और अनुशासन का परिचायक है.